बच्चों के लिए बाइबिल
प्रस्तुति

यीशु द्वारा अंधे की चंगाई



लेखक: Edward Hughes
व्याख्याकार: Alastair Paterson; Janie Forest
रूपान्तरकार: Ruth Klassen
अनुवाद: Suresh Kumar Masih
प्रस्तुतकर्त्ता: Bible for Children
www.M1914.org

BFC
PO Box 3
Winnipeg, MB R3C 2G1
Canada

©2020 Bible for Children, Inc.
अनुज्ञापत्र (लाइसेंस): आप इन कहानियों की छाया प्रति और मुद्रण करवा सकते हैं, बशर्ते कि बेचें नहीं।

बरतिमाई यरीहो के पास सड़क के किनारे बैठा एक अंधा आदमी था। वह भीख माँग रहा था। जब दयालु लोग उधर से गुजरते थे तब उसे एक सिक्का या भोजन का कुछ टुकड़ा दे दिया करते थे। बरतिमाई काम नहीं कर सकता था, क्योंकि वह एक अंधा था। वह केवल भीख ही माँग सकता था।

एक दिन, राजमार्ग बहुत व्यस्त था। बरतिमाई अनेकों पैरों की आवाज सुना। कुछ तो विशेष हो रहा था। जल्द ही अंधा आदमी जान लिया की वहाँ क्या हो रहा था। नासरत का यीशु शहर में था। भीड़ की भीड़ यीशु को देखने और उसे सुनने के लिए एकत्र हो गयी।



3



बरतिमाई ने क्यों दोहाई दी? "यीशु दाऊद की सन्तान, मुझ पर दया कर!" उसने क्यों सोचा की यीशु उसकी मदद कर सकता है? शायद वह सुना था, कि कैसे यीशु ने दूसरों को चंगा किया था। वह पर, कुछ अंधे - कुछ अपंग, कुछ गूंगे और कुछ बहरे थे, जैसा वह भी था। "दाऊद की सन्तान, मुझ पर दया कर," बरतिमाई फिर जोर से चिल्लाया। उसकी आवाज आशा के साथ गूँज रही थी।

4



बरतिमाई को एक बात का यकीन था। यदि उसे अभी मदद नहीं मिली, तो उसे और मौका कभी नहीं मिल सकता है। शायद यीशु फिर उस रास्ते से कभी न आता।

5



बरतिमाई को यीशु के पास पहुँचना था। लेकिन लोग हट नहीं रहे थे। "अस्स्स्स्स!" उन्होंने कहा, और वे उसे शांत रहने की चेतावनी तक दिए।

6



लेकिन बरतिमाई अब चुप नहीं था। वह और जोर से चिल्लाना जारी रखा। अचानक यीशु रूक गया! सुना! और अंधे आदमी को उसेके पास लाने का आदेश दिया! लोगों ने बरतिमाई को बताया, "खुश रहो" उठो, वह तुम्हे बुला रहा है।

7

अपने परिधान को एक तरफ फेंक कर, बरतिमाई उठा और यीशु के पास आया।



8

यीशु ने पूछा, "मुझसे तुम क्या चाहते हो कि मै तुम्हारे लिए करूँ?" आपका जवाब क्या होगा? क्या आप बहुत पैसा या अच्छे नए कपड़े मंगाते? बरतीमाई क्या चाहता था?



9

नहीं, अंधा बरतिमाई ने सोने या अच्छे कपड़े यीशु से नहीं माँगा। आप खुद जानते है कि वह क्या मांगना चाहता था।



10

प्रभु मुझे मेरी "अपनी दृष्टि दे दो" बरतिमाई देखना चाहता था। वह पेड़ों और पक्षियों और परमेश्वर के निर्माण के सभी सुंदरता को देखना चाहता था। वह इसलिए देखना चाहता था, की वह खुद की देखभाल कर सके और भिखारी न रहे।

11

तब यीशु ने बरतिमाई से कहा, "अपनी दृष्टि प्राप्त कर, तेरे विश्वास ने तुझे चंगा किया है।"



12

तुरंत ही वह अपनी दृष्टि प्राप्त की, और यीशु के पीछे हो लिया। वह कहता रहा कि "परमेश्वर अद्भुत है!" उसने मुझे चंगा किया है" यह बरतिमाई के लिए एक अद्भुत क्षण था।



13

सभी लोगों ने, जब इसे देखा, परमेश्वर की स्तुति की। एक बार फिर से, वे परमेश्वर के पुत्र की अद्भुत शक्ति को देखे थे। यीशु ने एक गरीब अंधे भिखारी को दृष्टि दिया था।

14

यीशु द्वारा अंधे की चंगाई

बाइबिल से, परमेश्वर के वाणी में कहानी

में पाया गया

मरकुस 10, लूका 18, यूहन्ना 9

“जो आपके जीवन में प्रकाश देता है।”
प्लाज्म 119:130

15



50 60

16

बाइबल की यह कहानी हमें अपने उस अद्भुत परमेश्वर के बारे में बतलाती है जिसने हमें बनाया और जो चाहता है कि आप उसे जानें।

परमेश्वर जानता है कि हमने ऐसे गुनाह किए हैं जिन्हें वह पाप मानता है। पाप की सज़ा मौत है किंतु परमेश्वर आपसे इतना प्रेम करता है कि उसने अपने एकमात्र पुत्र यीशु को इस दुनिया में भेजा ताकि वह सूली (क्रॉस) पर चढ़कर आपके पापों की सजा भुगते। यीशु मरने के बाद पुन: जीवित हुआ और स्वर्ग में अपने घर चला गया। यदि आप यीशु में विश्वास करते है और उससे अपने पापों की क्षमा मांगते हैं तो वह अपकी प्रार्थना सुनेगा। वह अभी आकर आपके अंदर बसेगा और आप हमेशा ही उसके साथ बने रहेंगे।

यदि आपको विश्वास है कि यह सब कुछ सच है, तो परमेश्वर से कहें: प्रिय यीशु, मुझे विश्वास है कि तू ही परमेश्वर है और मनुष्य के रूप में अवतरित हुआ ताकि मेरे पापों की वजह से। मौत की सजा भुगत सके और अब तू पुन: जीवित हुआ है। कृपया मेरी ज़िंदगी में आकर मेरे पापों को क्षमा कर, ताकि मुझे एक नया जीवन मिले और एक दिन में हमेशा हमेशा के लिए तेरे साथ हो लूं। हे यीशु, मेरी मदद कर ताकि मैं तेरी हर आज्ञा का पालन कर सकूं और तेरी संतान के रूप में तेरे लिए जी सकूं। आमीन।

बाइबल पढ़ें और प्रतिदिन ईश्वर से बात करें! जॉन 3:16

17